# Press Release

## Tobacco-Free Educational Institutions Awareness Program"

**Organizing: Department:** NNS

**Date:** 15-05-2026

"Tobacco-Free Educational Institutions Awareness Program" Held at Sri Arvind Mahila, College

The "Tobacco-Free Educational Institutions Awareness Program" was organized on May 15, 2026, under the joint auspices of National Service Scheme (NSS) Units 1 and 2 at Sri Arvind Mahila, College

The program's objective was to spread awareness among students, faculty, and staff about the ill effects of tobacco use and to inspire them to create a tobacco-free educational environment.

The program began with the lighting of a lamp. Addressing the students, College Principal Prof. Sadhana Thakur stated that tobacco not only affects individual health but also society and future generations. She urged them to adopt a healthy lifestyle and play an active role in creating a tobacco-free campus.

Dr. Sapna Barua, Program Officer, National Service Scheme, Unit 2, stated that a healthy body and a healthy mind are the foundation of a bright future, and that a tobacco-free environment is the collective responsibility of all. Meanwhile, Dr. Priya Kumari, Program Officer for National Service Scheme, Unit 1, stated that awareness is the most effective means of preventing tobacco use, and that youth participation can bring positive change in society.

As part of the program, a tobacco prohibition pledge, poster and slogan competitions, and awareness sessions were organized. On this occasion, National Service Scheme (NSS) student volunteers, college teachers, non-teaching staff, and students from various departments took a pledge to build a tobacco-free campus and a healthy society. All attendees pledged to abstain from tobacco consumption and to raise awareness about its harmful effects.

An awareness rally was also organized in the Kazipur area near the college, spreading the message of tobacco prohibition to the public. During the rally, students raised awareness and distributed awareness materials.

Sagun Kumari won first place in the poster and slogan competition, Tamanna Kumari won second place, and Anu Kumari and Sameeksha Kumari jointly won third place. Supriya Kumari received the consolation prize.

The program was jointly conducted by Dr. Sapna Barua and Dr. Priya Kumari. The students participated enthusiastically, spreading the message of a tobacco-free society through attractive posters and powerful slogans. Finally, non-teaching staff member Mr. Bhola Singh expressed his gratitude.

# तंबाकू मुक्त परिसर की ली शपथ

**पटना.** श्रीअरविंद महिला कॉलेज की एनएसएस के सहयोग में शुक्रवार को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया . कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कॉलेज की प्राचार्या प्रो साधना ठाकुर ने कहा कि तंबाकू न केवल स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी अंधकार में धकेलता है . इस अवसर पर छात्राओं ने तंबाकू निषेध की शपथ ली .

# छात्राओं ने रैली निकाल लोगों को दिया तंबाकू निषेध का संदेश

जासं, पटना : श्री अरविंद महिला कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई संयुक्त तत्वावधान में तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने कहा कि तंबाकू पूरे समाज और आने वाली पीढ़ियों को भी प्रभावित करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो की कार्यक्रम पदाधिकारी डा. सपना बरुआ ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है तथा तंबाकू मुक्त वातावरण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू निषेध शपथ ग्रहण, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता तथा जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इस दौरान छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने तंबाकू मुक्त परिसर और स्वस्थ समाज निर्माण की शपथ ली। सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे।

# कॉलेज को तंबाकू मुक्त बनाने की शपथ ली

**पटना।** श्री अरविन्द महिला कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एक व दो के तत्वावधान में शुक्रवार को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में तंबाकू निषेध शपथ ग्रहण, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता व जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी छात्राओं, महाविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों व छात्राओं ने तंबाकू मुक्त परिसर एवं स्वस्थ समाज निर्माण की शपथ ली। काजीपुर क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली। प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने व एनएसएस इकाई दो की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सपना बरुआ, एनएसएस इकाई एक की पदाधिकारी डॉ. प्रिया कुमारी ने जागरूक किया। पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सगुन कुमारी, द्वितीय स्थान तमन्ना कुमारी ने हासिल किया।

## श्री अरविन्द महिला कॉलेज में "तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान जागरूकता कार्यक्रम" आयोजित।

**जोश भारत**,संवाददाता|पटना। श्री अरविन्द महिला कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई 1 एवं 2 के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 15 मई 2026 को "तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य




कार्यक्रम में गणमान्य और पोस्टर के साथ कॉलेज की छात्राएं।

छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बीच तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा तंबाकू मुक्त शैक्षणिक वातावरण के निर्माण हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज एवं आने वाली पीढ़ी को भी प्रभावित करता है। उन्होंने छात्राओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा तंबाकू मुक्त परिसर के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई 2 की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सपना बरुआ ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है तथा तंबाकू मुक्त वातावरण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई 1 की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. प्रिया कुमारी ने कहा कि जागरूकता ही तंबाकू सेवन रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम है तथा युवाओं की भागीदारी से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू निषेध शपथ ग्रहण, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता तथा जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी छात्राओं, महाविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं विभिन्न विभागों की छात्राओं ने तंबाकू मुक्त परिसर एवं स्वस्थ समाज निर्माण की शपथ ली। सभी उपस्थितजनों ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे तथा दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। साथ ही महाविद्यालय के समीप काजीपुर क्षेत्र में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से तंबाकू निषेध का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। रैली के दौरान छात्राओं ने लोगों को जागरूक किया तथा जागरूकता संबंधी सामग्री का वितरण भी किया। पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सगुन कुमारी, द्वितीय स्थान तमन्ना कुमारी तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से अनु कुमारी एवं समीक्षा कुमारी ने प्राप्त किया। वहीं सुप्रिया कुमारी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सपना बरुआ एवं डॉ. प्रिया कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक पोस्टरों एवं प्रभावशाली नारों के माध्यम से तंबाकू मुक्त समाज का संदेश दिया। अंत में शिक्षकेतर कर्मी श्री भोला सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## श्री अरविन्द महिला कॉलेज में "तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान जागरूकता कार्यक्रम" आयोजित।




कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्या , प्राध्यापिकाएं प्राध्यापक एवं पोस्टर के साथ कॉलेज की छात्राएं।

**न्यूजप्लस24|संवाददाता|पटना ।** श्री अरविन्द महिला कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई 1 एवं 2 के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 15 मई 2026 को "तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान जागरूकता कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बीच तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा तंबाकू मुक्त शैक्षणिक वातावरण के निर्माण हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ठाकुर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि पूरे समाज एवं आने वाली पीढ़ी को भी प्रभावित करता है। उन्होंने छात्राओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा तंबाकू मुक्त परिसर के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई 2 की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सपना बरुआ ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है तथा तंबाकू मुक्त वातावरण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई 1 की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. प्रिया कुमारी ने कहा कि जागरूकता ही तंबाकू सेवन रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम है तथा युवाओं की भागीदारी से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू निषेध शपथ ग्रहण, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता तथा जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवी छात्राओं, महाविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं विभिन्न विभागों की छात्राओं ने तंबाकू मुक्त परिसर एवं स्वस्थ समाज निर्माण की शपथ ली। सभी उपस्थितजनों ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे तथा दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। साथ ही महाविद्यालय के समीप काजीपुर क्षेत्र में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से तंबाकू निषेध का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। रैली के दौरान छात्राओं ने लोगों को जागरूक किया तथा जागरूकता संबंधी सामग्री का वितरण भी किया। पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सगुन कुमारी, द्वितीय स्थान तमन्ना कुमारी तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से अनु कुमारी एवं समीक्षा कुमारी ने प्राप्त किया। वहीं सुप्रिया कुमारी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सपना बरुआ एवं डॉ. प्रिया कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आकर्षक पोस्टरों एवं प्रभावशाली नारों के माध्यम से तंबाकू मुक्त समाज का संदेश दिया। अंत में शिक्षकेतर कर्मी श्री भोला सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।